10.12.2024 आकाशवाणी भोपाल 07.10pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- **प्रदेश सरकार का एक वर्ष पूरा होने पर कल से शुरू होगा मुख्यमंत्री जन-कल्याण पर्व।**
- **स्मार्ट इंडिया हेकाथॉन के सातवें संस्करण का ग्रैंड फिनाले कल देशभर के 51 केंद्रों पर होगा शुरू ।**
- **अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर राज्यपाल ने मानव अधिकार को नैसर्गिक अधिकार बताया, प्रदेश भर में हुए विविध कार्यक्रम ।**
- **बर्फीली हवाओं ने बढ़ाई प्रदेश में ठिठुरन, कई शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे पहुंचा ।**

**मुख्यमंत्री जन-कल्याण पर्व**

**राज्य सरकार अपने कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर कल 11 दिसम्बर से 2 महत्वपूर्ण कार्यक्रम प्रारंभ कर रही है। पहला कार्यक्रम मुख्यमंत्री जन-कल्याण पर्व 11 से 26 दिसम्बर तक आयोजित होगा। यह प्रदेश के समग्र विकास और जनहित पर आधारित रहेगा। दूसरा कार्यक्रम मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान 11 दिसम्बर से 26 जनवरी 2025 तक चलेगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विकास के प्रमुख 4 स्तंभ युवा, नारी, किसान और गरीब के सशक्तिकरण और उनके कल्याण के लिए चिन्हित योजनाओं में शत-प्रतिशत सेचुरेशन का लक्ष्य प्राप्त करना है। अभियान में आमजन से जुड़ी 63 शासकीय सेवाओं से संबंधित आवेदकों की समस्याओं का निराकरण भी किया जायेगा।**

**<u>स्मार्ट-इंडिया हेकाथॉन</u>**

**स्मार्ट इंडिया हेकाथॉन - एस आई एच 2024 के सातवें संस्करण का ग्रैंड फिनाले कल देशभर के 51 केंद्रों पर शुरू होगा। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान इस कार्यक्रम का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। इस ग्रैंड फिनाले में 13 सौ से अधिक विद्यार्थी टीम भागीदारी करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए ग्रैंड फिनाले में युवा नवोन्मेषकों के साथ बातचीत करेंगे और सभा को संबोधित करेंगे।**

**स्मार्ट इंडिया हेकाथॉन हमारे दैनिक जीवन में आने वाली कुछ कठिन समस्याओं का समाधान करने का एक मंच विद्यार्थियों को प्रदान करने संबंधी एक राष्ट्रव्यापी पहल है। इस वर्ष 54 मंत्रालयों, विभागों, राज्य सरकारों और उद्योगों ने 250 से अधिक समस्या संबंधी वक्तव्य जमा कराए हैं।**

**<u>प्रधानमंत्री भेंट</u>**

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली में सौजन्य भेंट की। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी को भोपाल में फरवरी 2025 में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के भूमि-पूजन एवं शिलान्यास के लिये आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री को राज्य सरकार द्वारा एक वर्ष में किये गये कार्यों से अवगत कराया।**

**<u>धान उपार्जन</u>**

**प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अभी तक 9 हजार 554 किसानों से 1 लाख 51 हजार 595 मीट्रिक टन धान की खरीदी उपार्जन केन्द्रों में हो चुकी है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि धान की खरीदी के लिये 1 हजार 245 उपार्जन केन्द्र बनाये गये**

**हैं। धान का उपार्जन 20 जनवरी 2025 तक किया जायेगा। धान कॉमन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 23 सौ रूपये और धान ग्रेड-ए का 2 हजार 320 रूपये है।**

**<u>मानवाधिकार दिवस प्रदेश</u>**

**राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के अवसर पर प्रशासनिक अकादमी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मानव अधिकार नैसर्गिक अधिकार है। ये अधिकार व्यक्ति का स्वाभिमान, सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करते है। इन अधिकारों तक समाज के अंतिम कड़ी के व्यक्ति की सुलभ पहुँच हो, इसकी जिम्मेदारी सरकार के साथ समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भी है। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के प्रति कृतज्ञता और आदर की भावना ही समाज की खुशहाली की सच्ची राह है। मानव अधिकार आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने कहा कि मानव अधिकार आयोग वरिष्ठजनों संरक्षण के लिये संवेदनशीलता से कार्य कर रहा है। प्रशासनिक अकादमी में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत विशेष शिविर लगाया गया। जिसमें 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के कार्ड बनाये गये। विश्व मानव अधिकार दिवस के अवसर पर रायसेन के सागर मार्ग पर स्थित जिला जेल पठारी में विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक शिविर का आयोजन किया गया।** इंदौर जिले की शैक्षणिक संस्थाओं में मानव अधिकार दिवस के तहत विद्यार्थियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया। **बैतूल में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस जेएच कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा मानव अधिकार दिवस पर कार्यशाला, नुक्कड़ नाटक, शपथ ग्रहण एवं एड्स पर हस्ताक्षर अभियान चलाया।**

**आईबैंक और नेत्र प्रत्यारोपण**

भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र में भी अब जल्द ही आईबैंक और नेत्र प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध होगी। अस्पताल को आईबैंक शुरू करने और कार्निया ट्रांसप्लांट की मंजूरी प्राप्त हो गई है। इसके साथ ही एम्स और हमीदिया अस्पताल के बाद बीएमएचआरसी भोपाल का तीसरा शासकीय अस्पताल बन गया है, जहां आईबैंक और नेत्र प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध होगी। बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने कहा कि यह हमारे अस्पताल और भोपाल के नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

**मौसम**

बर्फीली हवाओं की वजह से प्रदेश में ठिठुरन बढ़ गई है। इससे भोपाल, इंदौर-ग्वालियर समेत प्रदेश के कई शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री से नीचे आ गया है। पचमढ़ी में पारा सबसे कम है। अगले 24 घंटे में तापमान और भी कम होने कीई सम्भावना है । वहीं, कल से प्रदेश में शीत लहर चलने की आशंका है । मौसम विभाग ने 13 दिसंबर तक शीत लहर का अलर्ट जारी किया है।

**एथलेटिक्स चैम्पियनशिप**

भुवनेश्वर में आयोजित 39वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में मध्य प्रदेश राज्य एथलेटिक्स अकादमी के एथलीट विनोद सिंह ने बालक अंडर-20 वर्ग की 5 हजार मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल किया है । विनोद ने नया मीट रिकॉर्ड भी बनाया है । इसी इवेंट में अकादमी के एक अन्य प्रतिभाशाली एथलीट विकास कुमार बिंद चौथा स्थान प्राप्त किया । गौरतलब है कि यह पूर्व रिकॉर्ड भी अकादमी के एथलीट सुनील डावर के नाम था ।

समाचार संक्षेप में .....

- **जबलपुर शहर में पारा 7 डिग्री पर पहुंच गया। इस पर ने शहर को कंपा दिया। यह इस सीजन में पहली बार हुआ।**
- **धार में कल गीता जयंती के अवसर पर विक्रम ज्ञान मंदिर, लालबाग में जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।**
- **छिंदवाड़ा पुलिस अधीक्षक अजय पांडे के नेतृत्व में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने और जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से यातायात वार्डन योजना प्रारंभ की गई।**
- **सीहोर के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने आज मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य  में लापरवाही को लेकर 31 बीएलओ का एक दिन का वेतन काटने के आदेश दिये हैं।**
- **छतरपुर जिले में कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने स्कूलों में पैरेंट्स मीटिंग का आयोजन कराने और बच्चों को बाल अपराधों की जरूरी जानकारी से अवगत कराने के निर्देश दिए हैं ।**
- **झाबुआ जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई में कुल 38 आवेदन आए।**
- **खण्डवा- मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन 25 दिसम्बर को जनपद पंचायत खालवा में किया जा रहा है।**

-----------------------------------